C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:09 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:41 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए...पेज-3 पर

हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 227 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 5 मार्च 2026

## News कॉर्नर

### जसपुर सिल्याण मोटर मार्ग के पास पहाड़ी से गिरा 23 साल का युवक, दर्दनाक मौत

**उत्तरकाशी।** पहाड़ी से गिरने के कारण एक 23 वर्षीय युवक की दर्दनाक मौत हो गई।
उत्तरकाशी जसपुर सिल्याण मोटर मार्ग कुटेटी मंदिर के पास एक युवक की पहाड़ी से गिरने के कारण मौत हो हो गई। मृतक की पहचान अनमोल उबान (23) निवासी जोशी मोहल्ला के रूप में हुई है। उत्तरकाशी पुलिस द्वारा अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में हुआ इजाफा, फिर बिगड़ेगा मौसम

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में इजाफा देखने को मिल रहा है। लेकिन एक बार फिर प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा।

इस सप्ताह प्रदेश भर के सामान्य तापमान में बढ़ोतरी के आसार हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार प्रदेश भर में छह मार्च तक मौसम शुष्क रहेगा। हालांकि सात मार्च को पर्वतीय इलाकों में मौसम बिगड़ने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि मौसम शुष्क रहने से सामान्य तापमान में छह से सात डिग्री तक की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।



उत्तराखंड में गर्मी तेवर दिखाने लगी है। दिन भर चटक धूप खिलने की वजह से मैदान से लेकर पहाड़ तक तापमान में इजाफा देखने को मिल रहा है। आलम यह है कि पहली बार मार्च की शुरुआत इतने गर्म दिन के साथ हुई है। आंकड़ों में नजर डाले तो बीते रविवार को दून का अधिकतम तापमान सामान्य से छह डिग्री बढ़ोतरी के साथ 29.7 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। जबकि बीते दस साल में इतना तापमान कभी नहीं दर्ज हुआ था। स्थिति यह है कि दस साल में सिर्फ 2021 की 26 मार्च को छोड़ पूरे मार्च में कभी इतना तापमान रिकॉर्ड नहीं हुआ। उस समय दून का अधिकतम तापमान 31.8 दर्ज किया गया था। यह अब तक का ऑलटाइम रिकॉर्ड भी है।

मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि तापमान में इस तरह की गर्मी की मुख्य वजह जलवायु परिवर्तन और मौसम का बदला पैटर्न है। जबकि जनवरी-फरवरी में बारिश न होने की वजह से भी तापमान में इजाफा देखने को मिल रहा है। इतना ही नहीं मार्च की शुरुआत से अंदाजा लगाया जा रहा है कि इस साल मार्च गर्मी के नए रिकॉर्ड बनाएगा।

दक्षिणी लेबनान को इस्राइल ने निशाना बनाया

# जंगः अमेरिका ने किया डूम्सडे बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

**नई दिल्ली**
एजेंसी

पश्चिम एशिया में हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। अमेरिका और इस्राइल की तरफ से हो रही बमबारी के बीच ईरान के राष्ट्रपति ने भी आक्रामक तेवर अपनाते हुए कहा है कि पलटवार जारी रहेगा। इसी खाड़ी देशों ने शांति बहाली की पहल करते हुए पहली आपात बैठक बुलाई है

पश्चिम एशिया में जारी युद्ध जारी के बीच अमेरिका ने मंगलवार रात कैलिफोर्निया तट से दूर एक विनाशकारी बैलिस्टिक मिसाइल डूम्सडे का परीक्षण किया। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक सांता बारबरा के पास वैंडेनबर्ग स्पेस फोर्स बेस से रात 11 बजे मिनटमैन III बैलिस्टिक मिसाइल लॉन्च की गई। बता दें कि यह हिरोशिमा पर गिराए गए परमाणु बम से 20 गुना ज्यादा ताकतवर परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम है। अल जजीरा ने उत्तरी लेबनान के त्रिपोली के बहुत करीब स्थित बेद्दावी शिविर पर हुए हमले की रिपोर्ट दी। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि इस्राइल के इस हमले में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई है।



लेबनान की राष्ट्रीय समाचार एजेंसी ने अल-शाहबिया जिले में एक घर पर और साथ ही बेरूत के दक्षिणी उपनगरों पर इस्राइली हमले की सूचना दी है। एजेंसी ने बताया कि बेरूत में जिन जिलों को निशाना बनाया गया है उनमें घोबेरी, हरेत हरेक और बीर अल-अबेद शामिल हैं। अल जजीरा अरबी ने भी पिछले एक घंटे में नबातीह पर इस्राइली हवाई हमलों की सूचना दी है। इस्राइल ने नबातीह इलाके पर बार-बार बमबारी की है और दावा किया है कि वहां हिजबुल्ला की मजबूत उपस्थिति है। सोमवार से लेबनान में इस्राइली हमलों में 50 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं।

### युद्ध के बीच 23,000 से अधिक वैश्विक उड़ानें रद्द

अमेरिका, इस्राइल और ईरान के बीच चल रहे संघर्ष के कारण पश्चिम एशिया क्षेत्र में हवाई क्षेत्र बंद होने और सुरक्षा जोखिमों के चलते 23000 से अधिक उड़ानें रद्द हो गई हैं। दुनिया की सबसे बड़ी अंतरराष्टीय एयरलाइन अमीरात ने हमलों के बाद शनिवार की शाम तक दुबई के लिए अपनी उड़ानों का निलंबन बढ़ा दिया है। ब्लूमबर्ग ने एनालिटिक्स फर्म सिरियम लिमिटेड का हवाला देते हुए बताया कि 28 फरवरी से से आने-जाने वाली 36,000 निर्धारित उड़ानों में से आधे से अधिक रद्द कर दी गई हैं।

# सात मार्च को हरिद्वार आएंगे अमित शाह

**हरिद्वार**
हमारे संवाददाता

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सात मार्च को हरिद्वार में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे पांच लोगों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत नागरिकता प्रमाण पत्र सौंपेंगे। इन प्रमाण पत्रों के मिलने के बाद ये सभी व्यक्ति भारत के नागरिक बन जाएंगे।



गृह मंत्री शाह हरिद्वार में सरकार के कामकाज की समीक्षा के लिए भी उपस्थित रहेंगे। इसी समीक्षा बैठक के दौरान वे ये नागरिकता प्रमाण पत्र प्रदान करेंगे। जनगणना निदेशक इवा आशीष श्रीवास्तव ने इस संबंध में जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि इन पांचों व्यक्तियों के नाम राज्य सरकार को पहले ही भेजे जा चुके हैं। यह कदम सीएए के कार्यान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अधिनियम के तहत पड़ोसी देशों से आए अल्पसंख्यकों को भारतीय नागरिकता देने का प्रावधान है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कानूनी ढांचे के अंतर्गत संपन्न की जा रही है। इससे उन लोगों को राहत मिलेगी जो लंबे समय से भारत में रह रहे हैं।

समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

SSS Enterprises

Sahaj, Shiva,
Soul, Enterprises
Block Road
Bhimtal

Proprietor
Rajesh kumar



समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



आशा रानी
प्रदेश प्रवक्ता
अनु0 मार्चा
उत्तराखण्ड

समस्त क्षेत्रवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं



नन्दा बल्लभ
बृजवासी
ज्येष्ठ प्रमुख
धारी

# चौबटिया में भारत-जापान का संयुक्त सैन्य अभ्यास

**रानीखेत**

हमारे संवाददाता

रानीखेत में भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स के बीच वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्मा गार्डियन का सातवां संस्करण रानीखेत के चौबटिया स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में शुरू हो गया।

अल्मोड़ा जिले के रानीखेत में भारतीय सेना और जापान ग्राउंड सेल्फ-डिफेंस फोर्स (जेजीएसडीएफ) के बीच वार्षिक संयुक्त सैन्य अभ्यास धर्मा गार्डियन का सातवां संस्करण मंगलवार को रानीखेत के चौबटिया स्थित विदेशी प्रशिक्षण केंद्र में शुरू हो गया। यह अभ्यास नौ मार्च तक चलेगा। इस अभ्यास में दोनों देशों की ओर से 120-120 सैनिक भाग ले रहे हैं।

जापान की ओर से 32वीं इन्फैंट्री रेजिमेंट के जवान शामिल हैं जबकि भारतीय सेना की ओर से लद्दाख स्काउट्स के सैनिक अभ्यास में हिस्सा ले रहे हैं। यह अभ्यास बारी-बारी से भारत और जापान में आयोजित किया जाता है और दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक अहम माध्यम बन चुका है। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य अर्ध-शहरी वातावरण में संयुक्त सैन्य अभियानों के लिए आपसी समन्वय को सुदृढ़ करना और संयुक्त क्षमताओं को बढ़ाना है। आगामी दो सप्ताह के दौरान सैनिक उच्च स्तर की शारीरिक दक्षता, संयुक्त योजना निर्माण, सामरिक तालमेल और आधुनिक सैन्य तकनीकों के उपयोग पर विशेष ध्यान देंगे। अभ्यास के तहत अस्थायी परिचालन आधार की स्थापना, खुफिया-निगरानी एवं टोही ग्रिड का विकास, मोबाइल वाहन चेक पोस्ट, घेराबंदी एवं तलाशी अभियान, हेलीकॉप्टर आधारित ऑपरेशन और हाउस इंटरवेंशन ड्रिल जैसी महत्वपूर्ण सामरिक गतिविधियों का अभ्यास किया जाएगा। सैन्य अधिकारियों के अनुसार यह अभ्यास दोनों सेनाओं की अंतर-संचालनीयता को बढ़ाने के साथ-साथ समकालीन सुरक्षा चुनौतियों से निपटने की क्षमता को और मजबूत करेगा।





# होली के दिन मारपीट, आक्रोशित व्यापारियों ने आज बाजार किया बंद

**श्रीनगर गढ़वाल**

हमारे संवाददाता

होली के दिन कीर्तिनगर नगर क्षेत्र में विवाद हो गया। कुछ युवकों और व्यापारियों में मारपीट हो गई। आज घटना के विरोध में व्यापारियों ने बाजार बंद किया है।

कीर्तिनगर नगर क्षेत्र में होली के दिन हुए मारपीट की घटना के बाद आज स्थानीय लोगों, व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर कार्यालय व कोतवाली कीर्तिनगर का घेराव किया। इस दौरान व्यापारियों ने दोषियों पर कार्रवाई की करने की मांग उठाई। व्यापारियों का आरोप है कि होली के दिन कीर्तिनगर बाजार चेक पोस्ट के समीप कीर्तिनगर नैथाना के कुछ युवकों ने व्यापारियों के साथ अभद्रता की जिसके बाद कहासुनी मारपीट में बदल गया। इस दौरान एक व्यापारी के सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं दो घायल हैं। गुरुवार को व्यापारियों ने बाजार बंद रखा और एसडीएम कार्यालय पहुंचे। यहां व्यापारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, नगर में सीसीटीवी कैमरों की नियमित संचालन, ओवर स्पीड समेत होली के दिन हुई मारपीट के दोषियों पर पुलिस कार्रवाई की मांग की। उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर मंजू राजपूत ने सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

# नैनीताल में एरीज के चंद्र ग्रहण देखने के लिए की थी विशेष व्यवस्था

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल स्थित एरीज के विज्ञान केन्द्र से मंगलवार को चंद्र ग्रहण की लाइव स्ट्रीमिंग का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

बता दें इस ग्रहण की शुरुआत भारतीय समयानुसार मंगलवार को अपराह्न 2.24 बजे से से ही हो गयी थी जब भारत में चन्द्रमा क्षितिज के बहुत नीचे था, अतः उत्तराखंड सहित भारत के अधिकांश हिस्सों में यह केवल आंशिक रूप से देखा गया। नैनीताल के मनोरापीक स्थित एरीज द्वारा आयोजित कार्यक्रम में वैज्ञानिक डॉ. वीरेंद्र यादव ने चंद्र ग्रहण के बारे में एक ऑनलाइन व्याखयान दिया और ग्रहण के विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। इस दौरान आम जनता के लिए विज्ञान केन्द्र में प्रत्यक्ष रूप से ग्रहण को दूरबीन से देखने की व्यवस्था भी की गयी थी।

आगंतुक पूर्व की ओर टकटकी लगाए बैठे थे। शाम को ठीक 6.12 बजे पर चंद्रोदय तो हुआ पर क्षितिज के पास कुहरे जैसी स्थिति के कारण कुछ देर तक ग्रहण दिखाई नहीं दिया, जैसे ही चंद्रग्रहण लोगों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी। ग्रहण के समय लोगों ने चाय व बिस्कुट खाकर यह भी प्रदर्शित किया कि अनेक भ्रांतियों के विपरीत ऐसा करना बिलकुल सुरक्षित है। इस अवसर पर एरीज के शोध छात्र महादेव, नवीन, उपासना, अमित, यश तथा इंटर्नशिप कर रहे छात्र हर्षवर्धन व विवेक और जनसंपर्क टीम के कमल सिंह जीना और मोहित सिंह उपस्थित थे।



**घटना**

- चंद्रोदय तो हुआ पर क्षितिज के पास कुहरे जैसी स्थिति के कारण कुछ देर तक ग्रहण दिखाई नहीं दिया
- जैसे ही चंद्रग्रहण दिखा लोगों में उत्साह की लहर दौड़ पड़ी

## NEWS / फटाफट

### मल्लीताल में पुलिस का सत्यापन अभियान

**नैनीताल** । होली पर्व के मद्देनजर मल्लीताल बाजार क्षेत्र में पुलिस ने सघन सत्यापन अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जांच की। अभियान के दौरान सत्यापन दस्तावेज न मिलने पर पांच से अधिक लोगों के खिलाफ पुलिस एकट के तहत कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार त्योहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा बाजार क्षेत्र में किरायेदारों, बाहरी व्यकियों और संदिग्धों का सत्यापन किया गया। इस दौरान कई लोग आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। मामवे में कोतवाली के एसआई प्रवीण तेवतिया ने बताया कि सत्यापन नहीं कराने वालों के खिलाफ पुलिस एकट में चालानी कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा और बिना सत्यापन के रह रहे लोगों के खिलाफ सखत कदम उठाए जाएंगे।पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे अपने यहां रह रहे किरायेदारों और कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से सत्यापन कराएं ताकि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनी रहे।

### स्टेशनों पर छाई सुनसानी, वाहनों के लिए काटे चक्कर

**अल्मोड़ा**। होली पर्व मनाने के लिए काफी संख्या में लोग घरों को लौटे। स्टेशनों में सुबह से ही यात्रियों की चहल पहल रही। अपराह्न दो बजे बाद स्टेशनों पर सुनसानी हो गई। यात्रियों को बसों के लिए भटकना पड़ा। इससे उन्हें दिक्कतें हुई। मजदूर, कर्मचारी और छात्र किसी भी हाल में त्योहार से पहले अपने घर पहुंचना चाहते हैं। मंगलवार को तड़के ही यात्रियों के गंतव्य को लौटने का सिलसिला शुरू हो गया था। इससे स्टेशन पर यात्रियों की आवाजाही काफी बढ़ गई। जिला मुख्यालय से विभिन्न ग्रामीण इलाकों को काफी संख्या में यात्री रवाना हुए। वहीं दोपहर दो बजे बाद जिले के भनोली, मौलेखाल, स्याल्दे, बाराकोट, द्वाराहाट आदि रूटों पर वाहन नहीं मिले। इस कारण यात्रियों को स्टेशन पर भटकना पड़ा। इधर, मैदानी क्षेत्र गुरुग्राम, दिल्ली, चंडीगढ़, लखनऊ, आगरा समेत अन्य स्थानों से काफी संख्या में लोग पहाड़ को लौटे।

### मजदूर संगठनों ने फूंका अमेरिका, इस्राइल का पुतला

**रुद्रपुर**। विभिन्न मजदूर संगठनों ने ईरान पर हमले के विरोध में गांधी पार्क में अमेरिका और इस्राइल का पुतला फूंक कर बिरोध जताया। साथ ही युद्ध में मारे गए ईरान के लोगों को श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने कहा कि हमला मानवता के खिलाफ है। 50 से अधिक स्कूली बच्चों को मार दिया गया। ईरानी नेताओं के आवास को निशाना बनाकर ईरान के शीर्ष नेता खामेनेई मार दिया गया ताकि अमेरिका ईरान की सत्ता पर कठपुतली बैठाकर मन मुताबिक वहां से तेल संपदा की लूट कर सके। पुतला फूंकने वालों में क्रांतिकारी लोक अधिकार संगठन के शिवदेव सिंह, प्रगतिशील महिला एकता केंद्र की रविंद्र कौर, भाकपा माले के जिला सचिव ललित मटियाली, अनीता अन्ना, दिनेश चंद्र, विजय, सुरेंद्र, मुकुल, उत्तम दास, हरीश मौर्या आदि थे।

### अखिल भारतीय कुश्ती में चमके उत्तराखंड के पहलवान

**खटीमा**। अखिल भारतीय सिविल सर्विसेज कुश्ती प्रतियोगिता में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। यह प्रतियोगिता 25 फरवरी से 28 फरवरी तक हिमाचल प्रदेश में आयोजित हुई थी। इस अखिल भारतीय भारतीय प्रतियोगिता में युवा कल्याण विभाग, टिहरी गढ़वाल में कार्यरत ज्योति ने 62 किग्रा फ्री स्टाइल कुश्ती वर्ग में सिल्वर मेडल प्राप्त किया। इसी तरह खटीमा के थारू राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यरत ग्राम पिनाना-तलाड़ी, रीठा साहिब (चंपावत) निवासी भैरव दत्त भट्ट ने 92 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग में राष्ट्रीय स्तर पर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। उन्हें महाराष्ट्र के पहलवान से शिकस्त खानी पड़ी। युवा कल्याण अल्मोड़ा, भिकियासैंण में कार्यरत मयंक शर्मा ने भी 86 किग्रा फ्री स्टाइल वर्ग में क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। हालांकि उन्हें भी क्वार्टर फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

### बाइक सवार किसान की बोलेरो की चपेट में आकर मौ त

**हल्द्वानी**। होली के दिन गौलापार क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसे में किसान की मौत हो गई। बाइक सवार किसान आगे चल रहे वाहन से टकराकर सड़क पर गिर पड़े, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उन्हें कुचल दिया। गंभीर चोटों के कारण उनकी मौके के बाद अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस के अनुसार गौलापार के देवल्ला तल्ला निवासी 54 वर्षीय किसान सोबन सिंह होली की शाम किसी काम से घर से निकले थे। घर लौटते समय चोरगलिया रोड स्थित कुंवरपुर क्षेत्र में उनकी बाइक आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। टक्कर लगते ही वह सड़क पर गिर पड़े। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो उन्हें कुचलते हुए निकल गई। हादसे में उनके सिर और पैरों में गंभीर चोटें आईं।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्नी बाबू राजपूत

# नैनीताल में पुलिस ने किया हुड़दंग करने के आरोप में एक गिरफ्तार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल क्षेत्र के धोबीघाट में होलिका दहन की तैयारी के दौरान कपड़े धोने की मशीन हटाने को लेकर शुरू हुआ विवाद बढ़ते-बढ़ते सांप्रदायिक रंग लेने लगा। समय रहते पुलिस के हस्तक्षेप से मामला शांत कराया गया। पुलिस ने माहौल खराब करने और हुड़दंग करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफतार किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को तल्लीताल के धोबीघाट क्षेत्र में स्थानीय लोग होलिका दहन की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान स्थल पर रखी धोबी की कपड़े धोने की मशीन हटाने को लेकर कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह मामला शांत कराया और मशीन हटवा दी हालांकि मंगलवार सुबह धोबी द्वारा मशीन को दोबारा उसी स्थान पर रख दिया गया जिससे एक बार फिर दोनों पक्षों में विवाद शुरू हो गया। मामला बढ़ते-बढ़ते हिंदू मुस्लिम विवाद का रूप लेने लगा। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पुलिस बल मौके पर पहुंचा और समझाबुझाकर हालात काबू में किए। इस दौरान दोनों समुदायों के लोगों ने धोबी की गलती बताई। मामले में तल्लीताल कोतवाली के एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि माहौल खराब करने और हुड़दंग मचाने के आरोप में धोबीघाट निवासी मो. रफी को बीएनएसएस की धारा 172 के तहत गिरफतार किया गया है। मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



# 15 को यूजीसी के समर्थन में निकालेंगे भव्य रैली

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

भीम आर्मी जिला कार्यालय मे पूर्व प्रस्तावित 15 मार्च को यूजीसी के समर्थन में निकाले जाने वाली रैली को भव्य रूप से निकाले जाने के संबंध मे जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान की अध्यक्षता और सुलेमान मलिक के संचालन में सभा का आयोजन कर भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी के कार्यकर्ताओ को डोर टू डोर जाकर यूजीसी के बारे मे जानकारी देने और रैली मे शामिल करवाने की जिम्मेदारी दी गई, जिलाध्यक्ष नफीस अहमद खान ने कहा कि भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी की जनपद नैनीताल, भीमताल, कालाढूंगी, रामनगर, बैलपड़ाव, लालकुआं आदि जगहों की कार्यकारिणी से भी रैली मे पहुंचने के लिए सम्पर्क किया जाए, 23-14 मार्च को अलाउसमेंट करवाया जायेगा और नुककड़ सभाओं का भी कार्यक्रम किया जाय, सिराज अहमद ने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों मे दलित और मुस्लिम समाज के बच्चों का उत्पीड़न होता है, यूजीसी एक्ट 1956 से लागू है, यह एस सी एस टी तक ही सीमित था लेकिन 2026 मे थोड़ा सा बदलाव कर इसमें ओबीसी, दिव्यांग और महिलाओं को भी शामिल किया गया है, यह एक्ट सिर्फ समानता पर आधारित है और विरोध करने वाले वहीं लोग हैं जो दलित और मुस्लिम समाज को समानता का अधिकार नहीं देना चाहते, जी आर टम्टा जी ने कहा कि संविधान मे हमें बराबरी का अधिकार मिला है और यह अधिकार हम लेके रहेंगे, यदि सुप्रीम कोर्ट इसपर रोक लगा देती है तो हमारी मांग है कि सांसद मे विधेयक लाकर बिल पास करे, कार्यक्रम मे जी आर टम्टा, सिराज अहमद, नफीस अहमद खान, आमिर खान, सुलेमान मलिक, अनवर अंसारी, सखावत हुसैन, आर पी गा गंगोला, संजय कुमार टम्टा, रितिक कांत, सुंदरलाल बौद्ध, महेश चंद्र आर्य, खीम चंद्र, महेश आर्य, संतोष आर्य, प्रेम राम आर्य, सुरेश चंद्र बेरी, मदन राम, उपस्थित थे।



# अभिमत



## जलस्रोतों का पुनर्जीवन

*जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है, लेकिन लम्बा समय बीतने के बाद भी मास्टर प्लान की प्रगति के बारे में सरकारी स्तर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। कागजों से निकल कर जमीनी स्तर पर मास्टर प्लान का कार्य भी नजर नहीं आ रहा है।*

जलवायु परिवर्तन से जल संकट गंभीर होता जा रहा है। जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने की जरूरत है। हिमालयी राज्य उत्तराखंड में नाले, धारे, झरने, गधेरे और नदियों के पुनर्जीवन का मास्टर प्लान तैयार किये जाने की बात की जा रही है। भूगर्भीय जल की उपलब्धता और स्थिति का आकलन करने तथा मैपिंग करने का आदेश दिया गया था। स्प्रिंग एंड रिवर रेज्युवेंशन अथॉरिटी (सारा) उच्चाधिकार प्राप्त समिति को जलस्रोतों का सर्वेक्षण करना है। जलस्रोतों को पुनर्जीवित करने का कार्य काफी पहले किया जाना चाहिए था, फिर भी 'देर आयद, दुरुस्त आयद' कहावत के तहत यदि काम को सही तरीके से किया जाये तो आने वाले कुछ वर्षों में भीषण जल संकट से बचा जा सकता है, लेकिन लम्बा समय बीतने के बाद भी मास्टर प्लान की प्रगति के बारे में सरकारी स्तर पर कोई जानकारी नहीं दी गई है। कागजों से निकल कर जमीनी स्तर पर कार्य भी नजर नहीं आ रहा है। जलस्रोतों को बचाने का कार्य जल्द शुरू होना चाहिए। कार्ययोजना को धरातल पर उतारने में देरी से जल संकट और गहरा जायेगा। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्य सचिव ने जल संरक्षण से जुड़े महत्वपूर्ण कार्य के प्रति विभागीय संवादहीनता पर नाराजगी जाहिर की है और जलस्रोतों के पुनर्जीवीकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं करने की चेतावनी भी दी है कि भविष्य में किसी बांध के प्रोजेक्ट के लिए जलस्रोत पर पड़ने वाले असर का आकलन जरूर होना चाहिए। यह भी देखा जाना चाहिए कि प्रोजेक्ट से जलस्रोतों में कितनी बढ़ोतरी होगी। तराई में कई बांध पहले से हैं। जिन नदियों से बांधों को भरा जाता है, उन नदियों में भी जल स्तर गिर रहा है। पहाड़ पर जलस्रोत रीचार्ज नहीं हो पा रहे हैं। हिमपात में कमी आई है। बहुत ऊंची पर्वत चोटियों पर भी कुछ साल से कम हिमपात हो रहा है। ग्लेशियर सिमट रहे हैं। करीब तीन दशक पहले भाबर से मामूली दूरी के कम ऊंचाई पर स्थित पर्यटक स्थलों में हिमपात होता था। अब तो कई साल से नैनीताल में पर्याप्त हिमपात नहीं हुआ है। पर्वतीय जलस्रोत सूखने से हिमालय की गोद में रहने वाले पेयजल के लिए तरस रहे हैं। उत्तराखंड में नये बांध बनाने के नाम पर पिछले पांच-छह दशक से चुनाव में वायदा किया जाता रहा है। जिन नदियों पर बांध बनाने की बात कही जा रही है, उनके उद्गम स्रोत में जल बहुत कम रह गया है। भाबर और तराई की कई नदियां बरसाती बन कर रह गई हैं। वर्षा ऋतु खत्म होने के बाद सूख जाती हैं। कुछ दशक पहले उत्तराखंड में ज्यादातर नदियां सदानीरा थीं।

# भयावहः थराली के जंगलों में भीषण आग

## 20 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र जलकर खाक, गौशालाओं को खतरा

**चमोली**

हमारे संवाददाता

चमोली जिले के थराली के जंगलों में भीषण आग लगी है। 20 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र जलकर राख हो गए हैं। चेपड़ों गांव की गौशालाएं भी आग की जद में आ गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है।

उत्तराखंड के चमोली जिले में बद्रीनाथ वन प्रभाग के अंतर्गत मध्य पिंडर रेंज के जंगलों में भीषण आग लगी है। चेपड़ों और सौगांव गांवों के जंगल इस आग की चपेट में आ गए हैं, जिसने तेजी से फैलते हुए खाड़ीबगड़, सौगांव जूनिधार और गोठिंडा के वन क्षेत्रों को भी अपनी जद में ले लिया है। आग की भयावहता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसकी लपटें 50 मीटर तक ऊंची उठ रही हैं और 20 फीट तक की ऊंचाई तक पहुंच रही हैं।

आग ने अब तक लगभग 20 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र को जलाकर राख कर दिया है। चेपड़ों गांव की गौशालाएं भी आग की जद में आ गई हैं, जिससे स्थानीय लोगों में भय का माहौल है। आग की लपटें



ऊपर की ओर जूनिधार गांव तक पहुंच गई हैं, जिससे ग्रामीण आबादी के लिए भी खतरा बढ़ गया है। खड़ी चट्टानों और घने चीड़ के लीसे वाले जंगलों के कारण आग पर काबू पाना अत्यंत कठिन साबित हो रहा है। अग्नि शमन कर्मचारियों और वन विभाग की टीमें आग बुझाने के लिए युद्धस्तर पर जुटी हुई हैं, लेकिन खड़ी चट्टानों और आग की प्रचंडता के कारण उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। रात का अंधेरा और लगातार गिरते पत्थर तथा जलते हुए पेड़ों के कारण बचाव कार्य में बाधा आ रही है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज देवराड़ी ने बताया कि टीम पूरी रात आग से लड़ने का प्रयास करती रही, लेकिन स्थिति गंभीर बनी हुई है। आग की लपटों से जलते हुए पेड़ और पत्थर स्टेट हाईवे थराली-देवाल मोटर मार्ग पर भी गिर रहे हैं, जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनों और राहगीरों की सुरक्षा खतरे में पड़ गई है। इसके अतिरिक्त, आग ने जंगलों में रहने वाले वन्यजीवों के लिए भी गंभीर संकट उत्पन्न कर दिया है। कई छोटे-बड़े पेड़-पौधे जल गए हैं, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ने की आशंका है।

## अल्मोड़ा की सड़कें अब रात में तिरंगा स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाएंगी

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी में अब रात के समय सड़कें तिरंगा स्ट्रीट लाइट की रोशनी से जगमगाएंगी। नगर निगम ने शहर की खूबसूरती पर चार चांद लगाने और पर्यटकों को लुभाने के लिए यह अनूठी पहल की है। योजना के तहत नगर की मुख्य सड़कों पर 700 तिरंगा स्ट्रीट लाइट स्थापित की जाएंगी।

पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए सड़कों को देशभक्ति के रंगों से रोशन करने के लिए योजना बनाई गई है। पहले चरण में माल रोड पर करबला से पांडेखोला तक पांच लाख रुपये से 200 तिरंगा लाइट स्थापित की जाएंगी। योजना के तहत नगर निगम विभागीय मद से कुल 700 स्ट्रीट लाइट लगवाएगा। इससे नगर में पहुंचने वाले पर्यटकों का स्वागत तिरंगे के रंगों की रोशनी के बीच होगा। तिरंगा थीम न केवल शहर की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत बनाएगी बल्कि यह रात में सैर को निकलने वाले पर्यटकों के लिए भी एक अलग अनुभव होगा।

# भाजपा अध्यक्ष बोले-अनावश्यक दावेदारी से विवाद की स्थिति पैदा न करें दायित्वधारी

**देहरादून**

हमारे संवाददाता

भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि चुनाव में अनावश्यक दावेदारी से दायित्वधारी विवाद की स्थिति पैदा न करें। अमर उजाला से बातचीत में भाजपा अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने दिए सवालों के बेबाक जवाब दिए।

उत्तराखंड भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि दायित्वधारी आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अनावश्यक दावेदारी से विवाद की स्थिति पैदा न करें। पार्टी को जिताऊ प्रत्याशी नजर आएगा तो खुद टिकट दे देगी। अमर उजाला पॉडकास्ट शतरंज में संपादक अनूप वाजपेयी से बातचीत में अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने कहा कि फिलहाल सबके लिए कमल का फूल ही प्रत्याशी है। उसे जिताने के लिए काम करें। अध्यक्ष भट्ट ने स्पष्ट कहा कि पार्टी में इस बार केवल जीतने की क्षमता ही टिकट का एकमात्र पैमाना होगी। दायित्वधारियों और वर्तमान पदाधिकारियों के चुनाव लड़ने की चर्चाओं पर विराम लगाते हुए



भट्ट ने कहा कि जिन कार्यकर्ताओं को सरकार में दायित्व दिए गए हैं, उनका प्राथमिक लक्ष्य पार्टी को चुनाव जिताना होना चाहिए।

दो-टूक कहा कि अनावश्यक टिकट की दावेदारी कर विवाद की स्थितियां उत्पन्न करने पर ब्रेक लगना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह भी जोड़ा कि यदि सर्वे में किसी दायित्वधारी का चेहरा ही जीत का सबसे बड़ा आधार पाया जाता है तो पार्टी उसे प्रत्याशी बनाने से गुरेज नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि हमने 23 विधानसभाओं को केंद्रित किया है, जहां हम पिछले चुनाव नहीं जीत पाए थे। हम प्रत्याशियों के चयन के लिए पांच सर्वे कराएंगे। जीत ही आधार होती है और जीतने वाले को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा। लंबे समय से खाली चल रहे कैबिनेट के पदों और नए दायित्वों के बंटवारे पर भट्ट ने सकारात्मक संकेत दिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड का मंत्रिमंडल विस्तार एक साथ होने की चर्चा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि मार्च में उत्तराखंड में कैबिनेट विस्तार हो सकता है, जिससे मंत्रियों के पांच रिक्त पदों को भरा जा सकेगा। यह भी खुलासा किया कि दायित्वधारियों की एक नई सूची जल्द ही केंद्र से फाइनल होकर आने वाली है।

विपक्ष की भूमिका पर सवाल उठाते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस आज भी जन सामान्य की समस्याओं के बजाए केवल भावनात्मक मुद्दों की राजनीति कर रही है। अंकिता भंडारी मामले का जिक्र करते हुए कहा कि इस मुद्दे पर कांग्रेस चार चुनाव लड़ चुकी है और चारों में भाजपा की जीत हुई है, जो यह दर्शाता है कि जनता विकास के साथ है।

# फिल्मी दुनिया

## दोस्त की बर्थ डे पार्टी में शामिल हुए रणबीर कपूर–वरुण धवन





*सोशल मीडिया पर एक तस्वीर और वीडियो वायरल है, जिसमें रणबीर कपूर, वरुण धवन के अलावा कई बॉलीवुड सेलेब्स नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर पर फैंस के तरह-तरह के रिएक्शन भी आ रहे हैं।*

*एक वायरल तस्वीर में रणबीर कपूर, वरुण धवन, अहान शेट्टी, आर्यन खान अपने किसी दोस्त की बर्थ डे पार्टी को एंज्वॉय कर रहे हैं। इसी पार्टी का एक वीडियो भी वायरल है, जिसमें भी अपने दोस्त को जन्मदिन की शुभकामनाएं दे रहे हैं। कई यूजर्स इस फोटो को लाइक रहे हैं तो कुछ लोगों को यह फेक लग रही है। सोशल मीडियर पर रणबीर और वरुण धवन वाली वीडियो और फोटो देखकर कुछ यूजर्स को लगा कि इसे एआई से बनाया गया है। दरअसल, केक काटने के बाद फ्रेंड ने केक अपने दोस्तों को नहीं खिलाया। साथ ही फोटो में भी कई सेलेब्स अजीब ढंग से खड़े हैं, यह देखकर कुछ अटपटा सा लग रहा है। यह वायरल फोटो और वीडियो एक फैन पेज ने शेयर की है। ऐसे में फोटो, वीडियो का एआई से बने होने की संभावना बढ़ जाती है। वरुण धवन, अहान शेट्टी जैसे सेलेब्स ने इस वीडियो और फोटो को अपने इंस्टाग्राम पर नहीं पोस्ट किया है। यही वजह है कि कुछ फैंस कह रहे हैं कि यह फोटो, वीडियो एआई से बने हैं। इन दिनों कई लोग सेलेब्स के साथ फेक फोटो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं।*

# दवा की ओवरडोज को लेकर पर्यटकों व डाकटरों में विवाद

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

दिल्ली निवासी महिला पर्यटक मंगलवार को पति के साथ घूमने के लिए नैनीताल आई हुई थी। महिला पर्यटक को अपराह्न करीब ढाई बजे गर्भावस्था से पूर्व हार्मोन के इंजेक्शन लगवाने के लिए राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंची।

जहां आपातकालीन कक्ष में तैनात डाकटर ने महिला के उपचार के दस्तावेजों की जांच व उसके चिकित्सक द्वारा सुझाई गई दवा की डोज नर्सिंग कर्मी को लगाने के निर्देश दिये। इंजेक्शन लगाने के बाद महिला पर्यटक नर्सिंग कर्मी की ओर से दवा का ओवरडोज दिये जाने के आरोप लगाने लगी। इस दौरान जब महिला का पति आपातकालीन कक्ष में वीडियों बनाने लगा तो विवाद बढ़ गया। इस बीच डाकटरों व गाइनोकोलोजिस्ट की ओर से समझाने पर भी पर्यटक शांत नहीं हुए और भन्नाते हुए कोतवाली आ धमके। पर्यटक की शिकायत के बाद कोतवाली में पुलिस ने डाकटरों को बुलाकर पूछताछ की। जहां उन्होंने बताया कि दवा सही मात्रा में दी गई है। बताया कि वाइल से महिला के अनुसार दो डोज पूर्व में लगाई गई हैं जबकि एक डोज लगाने के बाद एक और डोज वाइल में बची है। जिससे दवा निर्धारित मात्रा ही दिये जाने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने वाइल में शेष बची दवा को इंजेकशन में भरकर मात्रा चेक कर लेने को कहा लेकिन पर्यटक नहीं माने और कोर्ट में देख लेने की धमकी देकर वापस लौट गए। मामले में जिला अस्पता के चिकित्सक डा. अनिरुद्ध गंगोला ने बताया कि महिला के उपचार के दस्तावेजों में एक बार में आधा एमएल दवा दिये जाने की बात लिखी हुई है। कोतवाली की एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि पर्यटकों की मौखिक शिकायत पर चिकित्सकों को बुलाकर आपसी वार्ता करवाई गई थी, जिसमें दवा की ओवरडोज को लेकर गलत फहमी होने के तथ्य सामने आ रहे हैं। पर्यटकों या डाकटरों की ओर से लिखित शिकायत आई तो मामले की जांच की जाएगी।

## News कॉर्नर

### 17 से शुरू होंगी, प्रारंभिक स्कूलों में वार्षिक परीक्षाएं

**देहरादून।** प्रारंभिक स्कूलों में 17 मार्च से वार्षिक गृह परीक्षाएं शुरू होंगी। पहले दिन सभी कक्षाओं के बच्चों का हिंदी विषय का पेपर होगा। 31 मार्च तक परीक्षा परिणाम घोषित कर एक अप्रैल से विद्यालयों में नया सत्र शुरू किया जाएगा। उत्तराखंड और सीबीएसई बोर्ड के बाद अब प्रारंभिक स्कूलों में 17 मार्च से वार्षिक गृह परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं। पहले दिन सभी कक्षाओं के बच्चों का हिंदी विषय का पेपर होगा। 31 मार्च तक परीक्षा परिणाम घोषित कर एक अप्रैल से विद्यालयों में नया सत्र शुरू किया जाएगा। जिले में 786 प्राथमिक और 200 उच्च प्राथमिक विद्यालय हैं। इनमें पढ़ने वाले करीब एक लाख बच्चों की वार्षिक परीक्षाएं 17 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च तक चलेंगी। पहले दिन कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं में हिंदी विषय का पेपर होगा। इसके बाद 18 को गणित, 20 को अंग्रेजी, 23 को पर्यावरणीय अध्ययन और अंत में 24 मार्च को संस्कृत और उर्दू विषय के साथ इन परीक्षाओं का समापन हो जाएगा।

### 3.92 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक गिरफ्तार, एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज

**सितारगंज।** सितारगंज में रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने 3.92 ग्राम स्मैक के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज किया है। गांव कच्ची खमरिया, नानकमत्ता निवासी प्रीतम सिंह (72) हाल निवासी उकरौली को पुलिस ने चोरगलिया मार्ग पर गुजरात अंबुजा नामक कंपनी को जाने वाले रास्ते से 3.92 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आर्थिक सर्वेक्षण जारी, चार साल में डेढ़ गुना बढ़ी जीएसडीपी: प्रमुख सचिव

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड सरकार के चार वर्ष पूरे होने के अवसर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया गया है।

प्रमुख सचिव डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम ने बताया कि वर्ष 2022 की तुलना में राज्य की जीएसडीपी में डेढ़ गुना वृद्धि दर्ज की गई है, वहीं प्रति व्यक्ति आय, उद्योग, स्टार्टअप और बिजली उत्पादन सहित कई क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति हुई है।

उत्तराखंड के आर्थिक सर्वेक्षण को लेकर प्रमुख सचिव डॉ आर मीनाक्षी सुंदरम ने जानकारी दी। सचिवालय मीडिया सेंटर सभागार



में उन्होंने पत्रकारवार्ता की। प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम ने कहा सरकार के चार साल पूरे होने के उपलक्ष्य में नियोजन विभाग ने गुरुवार को वित्तीय वर्ष 2025-26 का आर्थिक सर्वेक्षण जारी किया। उन्होंने पिछले चार वर्षों के तुलनात्मक आंकड़े भी सामने रखे ।नियोजन विभाग के अनुसार 2022 की अपेक्षा राज्य की जीएसडीपी में डेढ़ गुना वृद्धि दर्ज की गई है। 2022 में राज्य की जीएसडीपी का आकार 2.54 लाख करोड़ था, जो बढ़कर 3.81 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। राज्य की प्रति व्यक्ति आय में भी बढ़ोतरी हुई है। 2022 में जहां प्रति व्यक्ति आय एक लाख 94 हजार थी। वो बढ़कर अब दो लाख 73 हजार हो गई है । 2022 की अपेक्षा गरीबी इंडेक्स में भी गिरावट दर्ज की गई है । 9.7त्न से गिरकर गरीबी इंडेक्स 6.92 फीसदी रह गया है । बताया कि राज्य में एमएसएमई सेक्टर में भी अच्छी ग्रोथ हुई है। इसके तहत 2022 में करीब 59 हजार उद्योग थे। पिछले चार वर्षों में इनकी संख्या बढ़कर 79 हजार से अधिक पहुंच गई है। इससे करीब साढ़े चार लाख लोगों को रोजगार मिल रहा है । प्रमुख सचिव ने कहा कि 2022 में राज्य में बड़े उद्योगों की संख्या107 थी, जो अब 128 हो गई है। पिछले चार साल में स्टार्टअप की संख्या में भी बढ़ोतरी हुई। 2017 में एक भी स्टार्टअप नहीं था। 2022 में 702 स्टार्टअप रजिस्टर्ड हुए, जिनकी संख्या अब -1750 पहुंच गई है। पिछले चार वर्षों में राज्य में 885 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण हुआ। सोलर पॉवर प्लांट से बिजली उत्पादन में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। 2022 में सोलर से 439 मेगावाट बिजली पैदा हो रही थी, जो अब बढ़कर 1027 मेगावाट हो गई है। चावल, मिल्क और फिश प्रोडक्शन में भी ग्रोथ हुई है। राज्य की जीएसडीपी में सबसे ज्यादा योगदान 26.02 त्न मैन्यूफेक्चर सेक्टर का है।

# आदमखोर बाघ काबू में, सफल रहा एक सप्ताह का ऑपरेशन टाइगर

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

फतेहपुर रेंज में पिछले कई दिनों से आतंक का पर्याय बने आदमखोर बाघ को आखिरकार वन विभाग की टीम ने ट्रेंकुलाइज कर काबू में कर लिया। लगभग एक सप्ताह से लगातार चल रहे ऑपरेशन टाइगर के तहत मंगलवार देर रात वन विभाग को बड़ी सफलता मिली और बाघ को सुरक्षित तरीके से बेहोश कर पकड़ लिया गया।

वन विभाग की टीमें बीते कई दिनों से जंगल और आसपास के क्षेत्रों में लगातार कॉम्बिंग अभियान चला रही थीं। ड्रोन, ट्रैप कैमरों और स्थानीय ग्रामीणों से मिले इनपुट के आधार पर बाघ की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। कई दिनों की कड़ी मशक्कत और रणनीतिक घेराबंदी के बाद टीम ने बाघ की सटीक लोकेशन चिन्हित की और विशेषज्ञों की मदद से उसे ट्रेंकुलाइज कर दिया। बाघ को बेहोश किए जाने के तुरंत बाद मौके पर



मौजूद पशु चिकित्सकों की टीम ने उसका प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया। चिकित्सकों ने बाघ की स्थिति की जांच के बाद उसे सुरक्षित पिंजरे में रखा। इसके बाद वन विभाग द्वारा आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं और आगे की प्रक्रिया शुरू की गई।
वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पकड़ा गया यही बाघ पिछले दिनों क्षेत्र की दो महिलाओं को अपना शिकार बना चुका था, जिसके बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया था। लगातार हो रही घटनाओं से ग्रामीणों में भारी आक्रोश था और वन विभाग पर जल्द कार्रवाई का दबाव भी बढ़ता जा रहा था।
पूरे ऑपरेशन के दौरान डीएफओ ध्रुव मर्तोलिया समेत विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और अभियान की लगातार मॉनिटरिंग करते रहे। अधिकारियों का कहना है कि बाघ को सुरक्षित तरीके से पकड़ लिया गया है, जिससे क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली है।

# लॉटरी का झांसा देकर साइबर ठगों ने 99,200 रुपये उड़ाए

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शहर में साइबर ठगों ने लॉटरी का लालच देकर एक व्यक्ति से 99,200 रुपये की ठगी कर ली। ठगों ने नए तरीके से युवक को अपने जाल में फंसाया। पहले भारतीय डाक के माध्यम से उसके घर एक बंद लिफाफा भेजा गया, जिसमें लॉटरी का टिकट रखा हुआ था। कुछ ही देर बाद अंजान नंबर से फोन कर युवक को 11.60 लाख रुपये की लॉटरी लगने का झांसा दिया गया और विभिन्न शुल्क के नाम पर उससे कई किस्तों में रकम ट्रांसफर करवा ली गई।

पीलीकोठी निवासी पीड़ित ने कुमाऊं साइबर क्राइम थाने में दी तहरीर में बताया कि उन्हें भारतीय डाक से एक लिफाफा प्राप्त हुआ था। लिफाफे के भीतर एक लॉटरी टिकट था। इसके कुछ समय बाद उनके मोबाइल नंबर पर एक कॉल आई। कॉल करने वाले ने अपना नाम राजू गुप्ता बताते हुए कहा कि उनकी 11.60 लाख रुपये की लॉटरी लगी है। ठग ने इनाम की राशि जारी करने के लिए पहले एक प्रतिशत टैक्स जमा करने की बात कही। झांसे में आकर पीड़ित ने बताए गए मोबाइल नंबर पर 11,600 रुपये ट्रांसफर कर दिए। इसके बाद जीएसटी और अन्य शुल्क के नाम पर अलग-अलग ट्रांजेक्शन में 23,200 रुपये, 23,200 रुपये और 41,200 रुपये एक अन्य नंबर पर भेज दिए। रकम ट्रांसफर होने के बाद आरोपित ने फोन उठाना बंद कर दिया। तब पीड़ित को अपने साथ ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत दर्ज कराई, जिसका उन्हें एक्नॉलेजमेंट नंबर भी प्राप्त हुआ।

पीड़ित ने आरोप लगाया है कि अज्ञात व्यक्ति ने खुद को लॉटरी एजेंट बताकर कंप्यूटर संसाधनों का उपयोग करते हुए आपराधिक षड्यंत्र के तहत 99,200 रुपये की साइबर धोखाधड़ी की। पुलिस के अनुसार तहरीर के आधार पर मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही साइबर क्राइम टीम ट्रांजेक्शन डिटेल्स और संबंधित मोबाइल नंबरों की जांच कर रही है।

# अज्ञात वाहन ने पीछे से बाइक को रौंद दिया, हादसे में तीन युवकों की मौत

हाथरस
एजेंसी

होली पर यूपी के हाथरस जनपद अंतर्गत सिकंदराराऊ क्षेत्र में बड़ा हादसा हो गया।एक बाइक पर सवार तीन दोस्तों में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिससे तीनों की ही मौत हो गई।

सिकन्दराराऊ थाना अंतर्गत 4 मार्च तड़के तीन बजे अलीगढ़ जीटी रोड पर एटा की तरफ जा रही बाइक को अज्ञात वाहन ने पीछे से रौंद दिया। हादसे में एक ही बाइक पर सवार तीनों युवकों की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। अभी तक हादसे की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई थी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मैनपुरी के कंपिल निवासी मुस्तकीम उर्फ इकबाल पुत्र गुड्डू, एटा के सिढ़पुरा निवासी समीर खान पुत्र मुन्ने खान व कायमगंज निवासी असलम पुत्र राजू नोएडा में नौकरी करते थे। तीनों एक ही बाइक से अपने गांव जा रहे थे। 4 मार्च तड़के जीटी रोड स्थित गांव हुसैनपुर पर पीछे से आते अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी । टक्कर से तीनों बाइक सवार गंभीर घायल हो गए।

घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों की जेब से मिल दस्तावेजों के आधार पर परिजनों को सूचित किया गया। कोतवाल शिवकुमार शर्मा ने कहा की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



### व्यक्तिको पीटा, पीड़ित ने की कार्रवाई की मांग

**अल्मोड़ा।** नगर की एक मीट की दुकान में विवाद हो गया। इस दौरान एक व्यक्ति की कुछ लोगों ने पिटाई कर दी। हमले में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है।

तल्ली खत्याड़ी निवासी महेंद्र सिंह कनवाल ने पुलिस को तहरीर दी। कहा कि रविवार रात वह खत्याड़ी से बेस स्थित एक मीट की दुकान के पास खड़ा था। इस दौरान कुछ लोगों का दुकान में विवाद चल रहा था।

# मोरी के पास वाहन हुआ दुर्घटनाग्रस्त, सवार दो लोग गंभीर घायल

उत्तरकाशी
हमारे संवाददाता




तहसील मोरी के नैटवाड़ क्षेत्र के ग्राम धोला गांव के पास में एक कैंपर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। वाहन में दो लोग सवार थे, जो गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों को 108 आपातकालीन सेवा के माध्यम से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोरी में लाया गया।

### होली पर बड़ा हादसा टला

**ऋषिकेश।** ऋषिकेश में आज होली के दिन बड़ा हादसा टल गया। एसडीआरएफ टीम लाउड हेलर से लोगों को नदी में न उतरने की अपील कर रही थी। इसी दौरान गश्त के समय गंगा के बीच तेज धारा में एक युवक बहता दिखाई दिया। जवानों ने तुरंत युवक को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। हालत गंभीर होने पर सीपीआर दिया। एसडीआरएफ टीम ढालवाला की ड्यूटी नीम बीच क्षेत्र में लगाई गई थी और टीम ओबीएम मोटर बोट से नीम बीच से लक्ष्मण झूला तक लगातार गश्त कर रही थी। गंगा घाटों पर स्नान कर रहे श्रद्धालुओं और पर्यटकों को जलस्तर और तेज धारा को देखते हुए सतर्क रहने की चेतावनी दी जा रही थी।

# भाजपा ने दिया कांग्रेस को झटका, तीन विधायकों को पार्टी में किया शामिल

गुवाहाटी
एजेंसी

असम में कांग्रेस के तीन निलंबित विधायकों ने भाजपा का दामन थाम लिया। गुवाहाटी स्थित भाजपा मुख्यालय में कमलाख्या डे पुरकायस्थ, बसंत दास, शशिकांत दास का पार्टी में स्वागत किया गया। वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद पुरकायस्थ ने अपनी पुरानी पार्टी पर निशाना साधा।

असम में विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का परिवार बढ़ता जा रहा है। हाल ही में जहां कांग्रेस की राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष भूपेन बोरा रविवार को औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हुए। अब इस कड़ी में तीन निलंबित कांग्रेस विधायक




कमलाख्या डे पुरकायस्थ, बसंत दास, शशिकांत दास ने भी सत्तारूढ़ दल का दामन थाम लिया। गुवाहाटी में प्रदेश भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया की मौजूदगी में तीन निलंबित विधायक अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ भाजपा में शामिल हुए। वहीं भाजपा में शामिल होने के बाद पूर्व कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने कहा, %हम तीन लोग जो भाजपा में शामिल हुए हैं और इसका एक ही उद्देश्य है कि हमारे असम व राष्ट्र की सुरक्षा। असम का नागरिक होने के नाते हमें भाजपा के साथ आना है और देश व असम को आगे ले जाने के लिए भाजपा की जो नीति है उसके साथ काम करना है। आने वाले दिन में हम इस नीति को आगे ले जाएंगे। उन्होंने कांग्रेस छोड़ने के एक ही कारण तुष्टीकरण बताया। वहीं पूर्व पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि आने वाले समय में यदि कांग्रेस ने अपनी विचारधारा नहीं बदली तो कांग्रेस खाली हो जाएगी। इधर, तीन निलंबित कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने पर मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की प्रतिक्रिया आई। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज तीन कांग्रेस विधायक हमारी पार्टी में शामिल हुए हैं। यह भाजपा के लिए एक बड़ा दिन है। मुझे यकीन है कि ये भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों के सम्मान को दिखाता है।